# राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय

## दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र

## सात (07) मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम (ODL)

**मानविकी एवं समाज विज्ञान**
*Humanities & Social Sciences*

| | |
|---|---|
| एम.ए. (हिंदी) | स्नातकोत्तर |
| एम.ए. (अंग्रेज़ी) | स्नातकोत्तर |
| एम.ए. (अर्थशास्त्र) | स्नातकोत्तर |

**कंप्यूटर विज्ञान**
*Computer Science*

| | |
|---|---|
| बी. एससी. (कंप्यूटर साइंस) | स्नातक |
| एम. एससी. (कंप्यूटर साइंस) | स्नातकोत्तर |

**प्रबंधन एवं वाणिज्य**
*Management & Commerce*

| | |
|---|---|
| एमबीए | स्नातकोत्तर |
| एम. कॉम. | स्नातकोत्तर |

स्वागत

### अधिगम के उच्चतर शैक्षणिक सोपान में आपका स्वागत है !

राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम में आपकी यात्रा समर्थ पोर्टल पर प्रवेश आवेदन से शुरू होकर अध्ययन, सतत मूल्यांकन और सत्रांत परीक्षाओं से गुजरती है। यह मार्गदर्शिका मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को पूरे कार्यक्रम की राह, समय-सारणी और आवश्यक प्रक्रियाएँ एक जगह समझने में मदद करेगी।

सीखने की राह

### पहले क्या देखें?

**प्रवेश और पात्रता से शुरुआत करें। फिर अकादमिक गतिविधियों, कार्यक्रम संरचना और पाठ्यक्रम को पढ़ें।**

रोडमैप

## कार्यक्रम की पूरी यात्रा

### 01 प्रवेश पोर्टल पर आवेदन

आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेज़ों का सत्यापन(ऑनलाइन) पूरा कराएँ।

### 02 पहले सेमेस्टर का शुल्क

प्रवेश की संस्तुति के बाद पहले सेमेस्टर का शुल्क जमा करें।

### 03 समर्थ पर अकादमिक पंजीकरण

अकादमिक पंजीकरण और पाठ्यचर्या चयन विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर करें।

### 04 अध्ययन और संपर्क

स्व-शिक्षण सामग्री से पढ़ें, ऑनलाइन संशय निवारण सत्र और व्यक्तिगत संपर्क सत्रों में भाग लें।

### 05 सत्रीय कार्य और परीक्षा

सत्रीय कार्य जमा करें, सत्रांत परीक्षा दें और परिणाम देखें।

### 06 स्वचयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

अपनी पसंद के कोर्स पढ़ें एवं आवश्यक क्रेडिट पूरे करके उपाधि प्राप्ति की ओर बढ़ें।

प्रवेश / आरंभिक चरण

# प्रवेश: शुरुआत यहाँ से

विश्वविद्यालय में यूजीसी-डीईबी से अनुमोदित सात मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम संचालित हैं। प्रवेश प्रत्येक अकादमिक वर्ष में दो बार, जुलाई और जनवरी सत्र में आयोजित किया जाता है। इच्छुक शिक्षार्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। शिक्षार्थियों के हितार्थ प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन ही आयोजित की जाती है।

प्रवेश कब लें

**02 सत्र**

जुलाई · जनवरी

**प्रत्येक अकादमिक वर्ष में दो प्रवेश सत्र।**

## प्रवेश पोर्टल

**https://curajcdoeadm.samarth.edu.in**

**आवेदन से पहले प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों की तैयारी कर लें।**

प्रवेश / पात्रता जाँच

# क्या आप पात्र हैं?

आवेदन शुरू करने से पहले इन तीन बिंदुओं को जाँच लें।

अर्हता एवं शुल्क की अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

## 01 अकादमिक अर्हता

**मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवश्यक अकादमिक अर्हता विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।**

## 02 न्यूनतम अंक

सामान्य श्रेणी के लिए **50 प्रतिशत** अथवा समकक्ष ग्रेड; SC, ST, OBC, PWD और EWS अभ्यर्थियों के लिए **45 प्रतिशत** अथवा समकक्ष ग्रेड।

## 03 अधिकतम आयु सीमा

कोई बाध्यता नहीं।

आवेदन से पहले

**अपनी शैक्षणिक योग्यता और श्रेणी के अनुसार न्यूनतम अंकों की जाँच कर लें।**

प्रवेश प्रक्रिया

## आवेदन कैसे करें

तीन चरणों में आवेदन से प्रवेश तक।

### 01 पोर्टल पर पंजीकरण

प्रवेश पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करें।

### 02 आवेदन और दस्तावेज़ों की जाँच

आवेदन और अपलोड किए गए दस्तावेज़ों की जाँच के बाद पात्र पाए जाने पर प्रवेश की संस्तुति और पहले सेमेस्टर के शुल्क के लिए ईमेल प्राप्त होगा।

### 03 शुल्क जमा करें

प्रवेश पोर्टल से प्रथम सेमेस्टर का शुल्क जमा करें; भुगतान के बाद आप कार्यक्रम में प्रवेशित माने जाएँगे।

**आवेदन हेतु स्कैन करें**

ध्यान दें

प्रवेश पात्रता के आधार पर अपनी योग्यता पहले सुनिश्चित कर लें।

अकादमिक जीवन / अध्ययन पद्धति

## अकादमिक जीवन: ऑनलाइन, लचीला, अनुशासित

दूरस्थ शिक्षा में स्वतंत्र अध्ययन और निर्धारित आवश्यक अकादमिक गतिविधियाँ साथ-साथ चलते हैं।

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में अकादमिक गतिविधियाँ अप्रत्यक्ष रूप से संचालित होती हैं। प्रवेश के बाद केंद्र आपकी नामांकन संख्या और विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया ईमेल से साझा करेगा।

समर्थ पोर्टल से पहचान पत्र, वैकल्पिक कोर्स चयन, परीक्षा आवेदन, प्रवेश पत्र, परिणाम और अगले सेमेस्टर का पुनः पंजीयन जैसी गतिविधियाँ संचालित होंगी।

समर्थ पोर्टल

### आपके अकादमिक काम का केंद्र

पंजीकरण, पहचान पत्र, कोर्स चयन, परीक्षा आवेदन, प्रवेश पत्र, परिणाम और पुनः पंजीयन।

## हर छमाही की गतिविधियाँ

**चयन**

पाठ्यचर्या का चयन करें।

**अध्ययन**

स्व-शिक्षण सामग्री पढ़ें।

**संपर्क**

ऑनलाइन संशय निवारण सत्र और PCP में भाग लें।

**निरंतरता**

अकादमिक तिथिपत्र के अनुसार कार्य पूरे करें।

# दू. ऑ. शि. केंद्र में सभी अकादमिक गतिविधियाँ निम्नांकित अकादमिक तिथिपत्र के अनुसार आयोजित की जाएगी।

| क्रम संख्या | गतिविधि | जुलाई अकादमिक सत्र | जनवरी अकादमिक सत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | **प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ** | जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में | जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में |
| 2 | **पूर्व-प्रवेशित छात्रों द्वारा आगामी छमाही हेतु पुनर्पंजीयन** | 1 अगस्त से 31 अगस्त तक | 1 फरवरी से 28 फरवरी तक |
| 3 | **प्रवेश प्रक्रिया का समापन** | 15 सितंबर अथवा यूजीसी-डीईबी के निर्देशानुसार | 15 मार्च अथवा यूजीसी-डीईबी के निर्देशानुसार |
| 4 | **नव-प्रवेशित छात्रों के लिए प्रवेशन कार्यक्रम** | अक्टूबर | अप्रैल |
| 5 | **दू. ऑ. शि केंद्र द्वारा शिक्षार्थी पहचान पत्र अपलोड (नव-प्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए)** | अक्टूबर | अप्रैल |
| 6 | **दू. ऑ. शि केंद्र द्वारा सत्रीय कार्य वेबसाइट पर अपलोड करना** | 30 अक्टूबर के पूर्व | 30 अप्रैल के पूर्व |
| 7 | **परीक्षा आवेदन पत्र जमा करना** | 15 – 30 नवंबर | 15 – 31 मई |
| 8 | **सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि** | 30 नवंबर | 31 मई |
| 9 | **सत्रांत परीक्षा (ESE)** | दिसंबर-जनवरी | जून-जुलाई |
| 10 | **परिणाम** | सत्रांत परीक्षा की अंतिम तिथि के एक माह के भीतर | सत्रांत परीक्षा की अंतिम तिथि के एक माह के भीतर |

# मूल्यांकन की प्रक्रिया

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों में प्रत्येक छमाही में शिक्षार्थी का मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मार्गदर्शी सिद्धांतों को मद्देनजर रखते हुए सतत मूल्यांकन (सत्रीय कार्य) एवं योगात्मक मूल्यांकन (सत्रांत परीक्षा) दो भागों में विभाजित करके किया जाता है। प्रत्येक पाठ्यचर्या को पूर्ण करने के लिए शिक्षार्थी को दोनों मूल्यांकन उत्तीर्ण करने आवश्यक है। मूल्यांकन के संदर्भ में निम्नलिखित दिशा-निर्देश ध्यान रखने योग्य हैं :-

## सामान्य दिशा-निर्देश

1. सामान्य मूल्यांकन पद्धति यूजीसी-डीईबी के मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विनियमों के अनुसार होगी, अर्थात् रचनात्मक या सतत मूल्यांकन (formative or continuous assessment) के लिए 30% भारांक और योगात्मक मूल्यांकन (summative assessment) अर्थात् सत्रांत परीक्षाओं (End Semester examinations - ESE) के लिए 70% भारांक होगा।
2. समग्र ग्रेडिंग प्रणाली और मूल्यांकन के उत्तीर्ण मानदंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले नियमित कार्यक्रमों के समान ही होंगे।
3. मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के लिए प्रश्न पत्र के पैटर्न और प्रारूप के संबंध में जानकारी हेतु, कृपया राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर "ODL/Online Programmes" पृष्ठ पर जाएँ और 'पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र' (Previous Year Papers) अनुभाग देखें।
4. वर्तमान में सभी कार्यक्रमों के लिए शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है और इसलिए प्रश्न पत्र तथा सत्रीय कार्य केवल अंग्रेजी में होंगे (हिंदी जैसे भाषा विषयों को छोड़कर)। हालाँकि, शिक्षार्थियों को अंग्रेजी या हिंदी में उत्तर देने की अनुमति होगी। उन्हें अंतिम परीक्षा लिखने के लिए अपनी भाषा के विकल्प को परीक्षा फॉर्म में इंगित करना होगा, जिसे उन्हें क्रमशः 31 मई और 30 नवंबर तक जमा करना आवश्यक है।
5. शिक्षार्थी को उस पाठ्यचर्या(कोर्स) की सत्रांत परीक्षा (ESE) में उपस्थित होने के लिए पात्र बनने हेतु सभी सत्रीय कार्य क्रमशः 31 मई और 30 नवंबर से पहले जमा करने होंगे। विशेष परिस्थितियों में, निदेशक CDOE के अनुमोदन से, सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि में छूट दी जा सकती है; लेकिन किसी भी स्थिति में, इसे संबंधित पाठ्यक्रम की सैद्धांतिक परीक्षा से पहले जमा करना होगा।
6. सत्रीय कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किए बिना, पाठ्यचर्या(कोर्स) को उत्तीर्ण/पूर्ण नहीं माना जाएगा। सत्रीय कार्य के अंकों सहित विस्तृत अंक छात्रों को 'ODL समर्थ पोर्टल' पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
7. किसी भी सत्रीय कार्य को जमा न करने या असंतोषजनक प्रदर्शन के मामले में, छात्र को अगले / आगामी सेमेस्टर में सत्रीय कार्य दोहराना होगा। (तालिका-1)
8. छात्रों को सत्रांत परीक्षाओं से पहले एक परीक्षा आवेदन पत्र भरना आवश्यक होगा और उन्हें केवल उन्हीं परीक्षाओं में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी जिन्हें परीक्षा फॉर्म में इंगित किया गया है।
9. सभी लिखित परीक्षाओं/परियोजनाओं/इंटर्नशिप/सत्रीय कार्यों/प्रायोगिक परीक्षाओं/मौखिक परीक्षाओं के लिए छात्र दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें प्रदान की गई नामांकन संख्या का ही उपयोग करेंगे।
10. नयी शुल्क संरचना के अनुसार, परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पाठ्यचर्या-वार (कोर्स-वाइज़) परीक्षा शुल्क लिया जाएगा। पाठ्यचर्या-वार (कोर्स-वाइज़) शुल्क का विवरण शुल्क संरचना में उपलब्ध है। शिक्षार्थियों को केवल उन पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है जिनके लिए वे सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होना चुनते हैं, और जिन्हें परीक्षा फॉर्म में इंगित किया जा रहा है।

# मूल्यांकन की प्रक्रिया (जारी..)

11. यदि कोई शिक्षार्थी किसी ऐसे पाठ्यक्रम की परीक्षा में उपस्थित होने में विफल रहता है जिसे उसने परीक्षा फॉर्म में इंगित किया था, तो अगली बार जब वह उस पाठ्यक्रम में फिर से उपस्थित होना चाहेगा/चाहेगी तो उसे निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। (तालिका-1)
12. प्रति सेमेस्टर अधिकतम दो सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों के अधीन, अनुरोध करने पर और निर्धारित शुल्क (तालिका-1) जमा करने पर सैद्धांतिक परीक्षा (ESE) की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान होगा।
13. छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपना डाउनलोड करने योग्य पहचान पत्र और प्रवेश पत्र (परीक्षाओं के लिए) प्राप्त कर सकेंगे।
14. मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों की सत्रांत परीक्षाएँ(ESE) राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय मुख्यालय के साथ-साथ अनुमोदित शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों पर भी आयोजित की जाएगी।
15. दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र द्वारा सभी बाहरी छात्रों के लाभ हेतु उनके रुकने की समयावधि को न्यूनतम करने के लिए परीक्षा समय सारणी (शनिवार और रविवार सहित) तैयार की जाएगी।
16. परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल उन्हीं शिक्षार्थियों को दिया जाएगा जिनके पास वैध पहचान पत्र, प्रवेश पत्र और किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा जारी एक फोटो पहचान पत्र होगा। यह फोटो पहचान पत्र आधार , पैन, पासपोर्ट, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस हो सकता है।
17. इच्छुक शिक्षार्थियों को परीक्षा की अवधि के दौरान राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय मुख्यालय पर उपलब्धता के अधीन और भुगतान के आधार पर छात्रावास अथवा अतिथि आवास गृह में आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी।
18. अंकतालिका / ग्रेड कार्ड “ODL समर्थ पोर्टल” के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी। परिणाम अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
19. प्रवजन (माइग्रेशन) प्रमाणपत्र/ग्रेड कार्ड/डिग्री/डिप्लोमा आदि जारी करने में विश्वविद्यालय के नियम लागू होंगे।
20. मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के सफल शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की प्रथा के अनुसार आगामी दीक्षांत समारोह में शामिल किया जाएगा।

## तालिका- 1

| गतिविधि | | निर्धारित शुल्क |
|---|---|---|
| सत्रीय कार्य पुनः जमा करने हेतु | : | कोई शुल्क नहीं |
| सैद्धांतिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन हेतु | : | 500/- रुपए |
| सैद्धांतिक परीक्षा पुनः देने हेतु | : | 500/- रुपए |

# शिक्षार्थी सहायता केंद्र

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के शिक्षार्थियों की सुगमता और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने परामर्श, शैक्षणिक मार्गदर्शन, सत्रीय कार्य जमा करने, और परीक्षाओं के संचालन हेतु कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर में शिक्षार्थी सहायता केंद्र स्थापित किया है, हालाँकि सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक मामले निरंतर विश्वविद्यालय के मुख्यालय द्वारा ही नियंत्रित और पर्यवेक्षित किए जाते रहेंगे।

**मुख्यालय एवं अनुमोदित शिक्षार्थी सहायता केंद्र की सूची**

| क्र.सं. | केंद्र का नाम | श्रेणी | केंद्र कोड | केंद्र का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय | मुख्यालय (HQ) | LSC-01 | दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बांदर सिंदरी, किशनगढ़, अजमेर, राजस्थान – 305817 |
| 2. | कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर | शिक्षार्थी सहायता केंद्र (LSC) | LSC-02 | गांधी सर्किल के पास, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर, राजस्थान – 302004 |



# संपर्क

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्नलिखित संपर्क सूत्रों पर संपर्क किया जा सकता है।

### दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र हेल्पलाइन

**फोन :** 01463-257556

(सोमवार से शुक्रवार पूर्वाह्न 09.30 से 06.00 अपराह्न तक )

**ईमेल :** cdoe@curaj.ac.in

### निदेशक, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र

कमरा संख्या 102, प्रशासनिक भवन
राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बांदर सिंदरी, किशनगढ़, अजमेर, 305 817

**ईमेल :** director.odl@curaj.ac.in